# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

JUNE23

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका



आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
वर्ष : 25, अंक : 12
माह : जून 2023

# गारबेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण किए जाने हेतु मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान के ग्वालियर आगमन के अवसर पर सौंपा ज्ञापन




गारबेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण किए जाने को लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 24 जून,23 को विमानतल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान से मिला और उन्हें एक माँग पत्र सौंपा गया।

प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल शामिल थे।

पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि ग्वालियरवासी गारबेज शुल्क देने के लिए तैयार हैं, लेकिन ग्वालियर में प्रदेश के महानगर भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर से अधिक दर से गारबेज शुल्क आरोपित किया गया है, जिसका कारोबारी एवं शहरवासी प्रारंभ से ही विरोध कर रहे हैं। गारबेज शुल्क के युक्तियुक्त करण का प्रस्ताव शीघ्र स्वीकृत होना चाहिए ताकि ग्वालियरवासियों को इससे राहत मिल सके।

माननीय मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह जी चौहान ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहें, गारबेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव पर शासन स्तर से शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, ग्वालियर के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह उपस्थित थे।

चेम्बर प्रतिनिधि मण्डल ने इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी को चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारने का आमंत्रण दिया, जिस पर उन्होंने शीघ्र आने की बात कही।

# समूहवार : संवाद
# समूह क्रमांक-2 एवं 4 की बैठक आयोजित




म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर की नवीन टीम द्वारा व्यापार जगत की समस्याओं का संकलन करने के उद्देश्य से समूहवार बैठकों का आयोजन 'चेम्बर संवाद' के रूप में प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में दिनांक 06 जून,23 को समूह क्रमांक–2 (थोक वस्त्र व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक–4 (खेरीज एवं कटपीस वस्त्र व्यवसाय) की बैठक 'चेम्बर भवन' में आयोजित की गई।

इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा अपने उद्‌बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यापार व उद्योग की समस्याओं का संकलन नवीन टीम द्वारा किया जा रहा है। इस दिशा में चेम्बर द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को 'पड़ाव चेम्बर' किया जा रहा है, ताकि उद्योगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। व्यापार की समस्याओं के संकलन के उद्देश्य से समूहवार बैठकों के लिए 'चेम्बर संवाद' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। आज आयोजित बैठक में आपके द्वारा जिन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया जाएगा, उनका शीघ्रता से निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर संवाद का उद्देश्य आपसे प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों का संकलन कर, उस पर तेजी से कार्य करना है। चेम्बर संवाद का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री नरेश सिंघल ने कहा कि पूर्व में बाजारों की एसोसिएशन उधारी की वसूली पर कार्यवाही करते हुए जांच व निर्णय देती थीं और डिक्री भी पारित करती थीं, जिसे न्यायालय द्वारा भी मान्यता दी जाती थी। वर्तमान में भी एसोसिएशन को इस समस्या के समाधान के लिए अपनी भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए।

कार्यकारिणी समिति सदस्य, श्री रोशन गाबरा ने कहा कि थोक कपड़ा व्यवसाय में इंफ्रास्ट्रक्चर की बहुत आवश्यकता है क्योंकि हमारे पुराने बाजार अब संकरे हो गए हैं। शहर में थोक एवं रिटेल के लिए एक मल्टीलेबल मार्केट की बहुत आवश्यकता है। जहाँ पर्याप्त पार्किंग एरिया भी हो। आज लोगों के पास समय कम है और डिजिटल कार्ड ज्यादा हैं, जिससे वह सुविधानुसार खरीदी करते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि एक सर्वसुविधायुक्त होलसेल और रिटेल दोनों का मार्केट बने। ग्वालियर में पूर्व में कपड़ा मैन्युफेक्चरिंग यूनिट भी थीं, जो कि अब नहीं हैं। भीलवाड़ा क्षेत्र इसमें अग्रणी हैं, जिसमें ग्वालियर के नाम से कपड़ा आज भी बनता है। इसलिए यहाँ पर भी मैन्युफेक्चरिंग यूनिट लगें, इसके प्रयास होना चाहिए।



कार्यकारिणी समिति सदस्य–श्री धर्मेश गुप्ता ने कहा कि कपड़े के थोक मार्केट में उधारी की समस्या रहती है । रिटेल व्यापारी एक बाजार की उधारी चुकाए बिना दूसरे थोक बाजार से माल उधार ले जाता है । इसमें दलालों की भूमिका भी होती है। इस कारण उधारी की वसूली नहीं हो पाती है । इसके लिए आवश्यक है कि ग्वालियर के सभी थोक व्यवसायियों व दलालों के साथ बैठक हो और इसमें दलालों के रजिस्ट्रेशन सहित उधार कपड़ा दिए जाने के नियम व शर्तों पर विचार किया जाए, ताकि उधारी व वसूली की समस्या का समाधान हो सके ।

कार्यकारिणी समिति सदस्य, श्री मोहन माहेश्वरी ने कहा कि दही मण्डी में पार्किंग की समस्या के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है । इसके लिए निगम कमिश्नर महोदय के साथ पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण कराया जाए । पार्किंग एरिया की मार्किंग व पेड पार्किंग से यह समस्या दूर की जा सकती है ।

कार्यकारिणी समिति सदस्य, श्री घनश्यामदास नागवानी ने कहा कि दौलतगंज में रॉंग साइड से वाहन आते हैं, इसका यातायात व्यवस्था पर असर पड़ता है । वहीं बाजारों में विद्युत कटौती से भी व्यापार प्रभावित हो रहा है । साथ ही आपने चेम्बर में विद्युत शिविर पूर्व की भांति लगाए जाने का सुझाव दिया ।

बैठक में सर्वश्री प्रदीप भवानी, महेश खटोड़, अभिनंदन जैन, अमित बत्रा, कुंजम बत्रा आदि ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए ।

अध्यक्ष महोदय ने बैठक में प्राप्त समस्याओं/सुझावों पर कहा कि नवीन थोक बाजार, उधारी, दलालों/एजेंट के पंजीयन पर थोक व रिटेल कपड़ा व्यवसाईयों की पृथक बैठक की जाएगी, ताकि समस्या का निदान शीघ्रता से हो सके ।

बैठक में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री नरेन्द्र कुमार जैन, जगदीश अग्रवाल, चैतन्य गुप्ता, राजकुमार, श्याम गोयल, गोविंद अग्रवाल, श्यामलाल जेठवानी, सुरेश अरोरा, मनीष मित्तल, अभिषेक जाजू, योगेश गुप्ता, भारत गुप्ता, मोतीलाल जेठवानी, अशोक मतानी, मधुर मित्तल, जगदीश सरावगी, नितिन गोयल, सुदीप कुमार जैन, अनिल गुप्ता, प्रकाशचंद मांडिल, जयदेव कंजानी, अंकित जैन एवं गोपाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।

बैठक के अंत में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।

# नई दिल्ली में बीआईएस द्वारा हॉलमार्क पर आयोजित की गई ज्वेलर्स मीट में चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल हुआ शामिल



ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेण्डर्ड (हॉलमार्क विभाग) द्वारा मध्य क्षेत्र के ज्वेलर्स के लिए ज्वेलर्स मीट का आयोजन दिनांक 06.06.2023 को पार्क इन रेडिसन, नई दिल्ली में किया गया । इस मीट में चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने भाग लिया। प्रतिनिधिमण्डल में कार्यकारिणी समिति सदस्य–श्री अखिलेश गोयल एवं सदस्य–श्री अंकित जैन शामिल हुए । इस अवसर पर ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेण्डर्ड (हॉलमार्क विभाग) प्रमुख–श्री एस. सी. दास, डीडीजी–सुश्री चित्रा गुप्ता, डीडीजी सेन्ट्रल–श्री आर. के. त्यागी, कुचा महाजनी ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री योगेश गोयल जी एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन,एनसीआर के अध्यक्ष–श्री राकेश मलिक सहित विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारी व ज्वेलर्स उपस्थित थे ।

ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेण्डर्ड (हॉलमार्क विभाग) द्वारा मध्य क्षेत्र के ज्वेलर्स के लिए नई दिल्ली में आयोजित ज्वेलर्स मीट में भाग लेने के लिए कार्यकारिणी समिति सदस्य, श्री अखिलेश गोयल एवं सदस्य श्री अंकित जैन को हॉलमार्क पर आयोजित उक्त मीट में शहर के सर्राफा कारोबारियों का प्रतिनिधित्व हेतु भेजा गया था ।

कार्यकारिणी समिति सदस्य–श्री अखिलेश गोयल ने बताया कि ज्वेलर्स मीट में हॉलमार्क अनिवार्य किए जाने संबंधी जानकारी प्रदान की गई । ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेण्डर्ड (हॉलमार्क विभाग) द्वारा ज्वेलर्स से यह चाहा जा रहा है कि ज्वेलरी पर जो एचयूआईडी हो रही है, उसे ज्वेलर्स पोर्टल पर ज्वेलरी के वजन, विक्रय की तारीख, जीएसटी बिल नंबर व ग्राहक के नाम के साथ प्रदर्शित करें । इसका श्री अखिलेश गोयल के साथ ही कुचा महाजनी ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री योगेश गोयल एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन, एनसीआर के अध्यक्ष–श्री राकेश मलिक द्वारा विरोध करते हुए कहा कि हम कस्टमर की डिटेल पोर्टल पर नहीं भरना चाहते हैं । इससे न केवल ग्राहक की गोपनीयता भंग हो रही है, वरन् ज्वेलर्स पर भी वर्कलोड बढ़ रहा है क्योंकि ज्वेलर्स द्वारा अभी तक इन्कम टेक्स व सेल टेक्स डिपार्टमेंट को सभी जानकारियाँ दी जाती हैं, अब एक और विभाग को जानकारियाँ प्रदान करने के लिए बाध्य करना व्यवहारिक व उचित नहीं है ।

# व्यवसाई अपने कारोबार की श्रेणी अनुसार ही फूड लायसेंस बनवाएँ : श्री राजेश गुप्ता

## फूड लायसेंस शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित




फूड लायसेंस नवीनीकरण एवं पंजीयन शिविर का आयोजन दिनांक 8 जून,23 को 'चेम्बर भवन' में किया गया। इस अवसर पर फूड इंस्पेक्टर–श्री राजेश गुप्ता, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं कारोबारी उपस्थित रहे।

शिविर की अध्यक्षता कर रहे, अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जानकारी के अभाव या छोटी–मोटी गलतियों का खामियाजा खाद्य पदार्थ कारोबारी न भुगतें। यही इस फूड लायसेंस शिविर का उद्देश्य है। निकट भविष्य में भी जिन्हें फूड लायसेंस बनवाने हैं, उनके लिए शिविर लगाए जाने का हमारा प्रयास रहेगा।

फूड इंस्पेक्टर–श्री राजेश गुप्ता ने शिविर में बताया कि कुछ फूड लायसेंस लोगों ने ट्रेडर्स/रिटेलर्स के रूप में ले रखे हैं, जबकि वह मेन्युफैक्चरिंग करते हैं। उदाहरण के लिए मिठाई बनाना, डेयरी में घी, मक्खन, पनीर बनाना, रेस्टॉरेंट सभी मेन्युफैक्चरिंग में आते हैं। पिसाई केन्द्र या खड़े मसालों से पिसे मसाले बनाने वाले, चाय बनाकर बेचने वाले आदि सभी वह लोग जो मेन्युफैक्चरिंग करते हैं, उनको मेन्युफैक्चरिंग केटेगरी में लायसेंस लेना चाहिए, यदि उनके यहाँ चेकिंग होती है और मेन्युफैक्चरिंग केटेगरी में लायसेंस नहीं मिलता है, तो वह बिना लायसेंस के माना जाता है और उसी अनुसार कार्यवाही होती है। इसलिए आवश्यक है कि यदि किसी के पास इस अनुसार लायसेंस में मोडिफिकेशन की आवश्यकता हो, तो मोडिफिकेशन करवाएँ या नया बनवाते वक्त इसका ध्यान रखें।

श्री गुप्ता ने बताया कि जो किराना पैक करते हैं या मसाला या आटा पीस कर पैक करते हैं, तो उन्हें रिपैकर्स की केटेगरी में लायसेंस लेना चाहिए, जिसके लिए वह एक ही लायसेंस पर दोनों केटेगरी सिलेक्ट कर एक ही लायसेंस ले सकते हैं। आपने बताया कि जिन लोगों ने फूड लायसेंस ले लिया है, उनके लिये फूड सेफ्टी ट्रेनिंग लेना उपयोगी है, जो सभी को लेना चाहिए। आपने बताया कि यदि किसी को नियम अनुसार मोडिफिकेशन की आवश्यकता है, तो उसके लिए पुराने लायसेंस की फोटो कॉपी, आधार कार्ड, शॉप एक्ट रजिस्ट्रेशन की फोटो कॉपी/पेनकार्ड या जीएसटी रजिस्ट्रेशन में से कोई एक की छायाप्रति लगाना आवश्यक है।

श्री गुप्ता ने बताया कि फूड सेफ्टी ट्रेनिंग के लिए शीघ्र ही चेम्बर भवन में एक कैम्प लगाया जाएगा, जिसमें फूड लायसेंस वालों को यह ट्रेनिंग दी जाएगी।

फूड लायसेंस शिविर में 40 से अधिक कारोबारियों के लायसेंस नवीनीकरण/पंजीकृत किए गए।

शिविर के अंत में आभार, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। शिविर में कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्व श्री महेन्द्र साहू, मुकेश गोयल, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, नंदकिशोर गोयल, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, रोशन गाबरा, व्यापार समिति दाल बाजार के अध्यक्ष–दिलीप पंजवानी, सदस्य–वासुदेव आडवाणी, दिलीप खण्डेलवाल, पंकज गोयल, रोहित गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# सीईओ, ग्वालियर स्मार्ट सिटी-श्रीमती नीतू माथुर से मिला चेम्बर का प्रतिनिधिमण्डल

## टाउन हॉल की तरफ कम से कम 7.50 मीटर रोड खोले जाने की माँग पर की चर्चा




स्मार्ट सिटी के तहत महाराज बाड़ा क्षेत्र में टाउन हॉल की तरफ से ट्रेफिक बंद करने से यातायात में होने वाली परेशानी तथा व्यापारियों के व्यापार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने दिनांक 15 जून,23 स्मार्ट सिटी की सीईओ, श्रीमती नीतू माथुर से मिला । चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल सहित नजरबाग मार्केट के अध्यक्ष–सुरेश बंसल, सुभाष मार्केट से गोपाल छाबड़ा, नेहरू मार्केट से श्यामसुंदर रोहिरा एवं टोपी बाजार से संदीप वैश्य, बाड़ा क्षेत्र से राजा वाधवानी आदि शामिल थे ।

प्रतिनिधि मण्डल ने स्मार्ट सिटी की सीईओ, श्रीमती नीतू माथुर जी को बताया कि महाराज बाड़ा क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के तहत सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य है, लेकिन इसका जो लेआउट तैयार किया गया है, उसमें संशोधन की बहुत आवश्यकता है, जिसके अंतर्गत जो टाउन हॉल की तरफ पैदल यात्री जोन बनाया जा रहा है । इस पैदल यात्री जोन में नई सड़क, हनुमान चौराहा, जनकगंज, छत्री बाजार, मोर बाजार, चावड़ी बाजार, खासगी बाजार, समाधिया कॉलोनी की ओर से आने वाले वाहन माधौगंज की तरफ या महाराज बाड़ा पर कोई कार्य होने पर आते हैं, जो महाराज बाड़ा पर आने वाले कुल वाहनों का लगभग 70% है । इन वाहनों को प्रस्तावित लेआउट के मुताबिक महाराज बाड़ा आने के लिए सराफा बाजार, राम मंदिर, पाटनकर बाजार और दौलतगंज होते हुए बाड़े पर आना पड़ेगा, जिससे अनावश्यक लगभग 2 किमी का चक्कर लगाना होगा और जबकि इन मार्गों पर वैसे ही ट्रैफिक जाम रहता है । यदि इस मार्ग पर उक्त 70% ट्रैफिक डायवर्ट किया जाता है, तो यह क्षेत्र पूरी तरह से जाम बना रहेगा तथा किसी भी ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत इसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, जिससे आमजन में आक्रोश जन्म लेगा । इसके साथ ही, इस महाराज बाड़ा क्षेत्र में लगभग 1 हजार दुकानें हैं, जिनसे 10 हजार परिवार का पालन पोषण होता है । इनके व्यापार पर भी बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि इसके लिए बहुत आवश्यक है कि इस पर गंभीर चिंतन किया जाए और आवश्यकता के अनुरूप कम से कम 6 मीटर से 8 मीटर की रोड इस पर मार्ग पर दी जाए, जो वर्तमान की तरह केवल प्राइवेट व्हीकल निकलने के लिए रहेगी ।

स्मार्ट सिटी की सीईओ, श्रीमती नीतू माथुर ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया है कि आपके द्वारा प्रस्तुत की गई परेशानियों को हाई लेवल कमेटी के समक्ष रखा जाएगा तथा विचार उपरांत उचित निर्णय लिया जाएगा ।

# महाराज बाड़ा क्षेत्र के व्यवसायिक संगठनों के साथ टाउन हॉल की तरफ 7.50 मीटर की रोड वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग छोड़े जाने पर चर्चा आयोजित



महाराज बाड़ा क्षेत्र के व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ दिनांक 22 जून,23 को 'चेम्बर भवन' में आयोजित की गई।

बैठक में महाराज बाड़ा क्षेत्र के व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एकमत से कहा कि महाराज बाड़ा क्षेत्र में स्मार्ट सिटी द्वारा टाउन हॉल की तरफ पैदल यात्री जोन बनाए जाने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी क्योंकि टाउन हॉल की तरफ से गुजरने वाले वाहनों का दबाव वैकल्पिक मार्ग जिनमें सर्राफा बाजार, पाटनकर चौराहा, दौलतगंज आदि सहन नहीं कर पाएँगे क्योंकि इन मार्गों पर पहले से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। टॉउन हॉल की तरफ पूर्ण रूप से वाहनों का आवागमन बंद करने से महाराज बाड़ा क्षेत्र के व्यवसासियों के कारोबार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि जिस प्रकार डाकघर की तरफ पैदल यात्री जोन के साथ ही 7.50 मीटर की रोड यातायात के लिए छोड़ी गई है, उसी प्रकार टाउन हॉल की तरफ भी 7.50 मीटर की रोड छोड़ी जाए, जिससे यातायात व कारोबार प्रभावित न हो।

बैठक में व्यापारिक संगठनों ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि प्रशासन व स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के हृदय स्थल की यातायात व्यवस्था व महाराज बाड़ा क्षेत्र के कारोबारियों जिनसे 40 हजार परिवारों की आजीविका चलती है, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किये बिना ही महाराज बाड़ा क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं।

व्यवसायिक संगठनों ने आव्हान किया कि यदि प्रशासन हमारी मांगें नहीं मानता है, तो हमें आंदोलन करना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे, अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि टाउन हॉल की तरफ 7.50मीटर रोड वाहनों के लिए छोड़े जाने के लिए चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा मांग की जा चुकी है। यदि माँग नहीं मानी गई, तो हम निश्चित रूप से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इसके लिए व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मिलित करते हुए संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा और संघर्ष समिति की प्रथम बैठक कल 23 जून को सायं 04.00 बजे चेम्बर भवन में की जाएगी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

बैठक का संचालन करते हुए, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि महाराज बाड़ा क्षेत्र में मध्यमवर्गीय ग्राहक आता है और पैदल यात्री जोन से होने वाली परेशानियों के चलते यह वर्ग आना बंद कर देगा, जिससे यहाँ का कारोबार धीरे-धीरे ठप्प हो जाएगा। वर्तमान में ऑनलाईन कारोबार के कारण पूर्व से ही शहर का व्यवसाई पीड़ित है, ऐसी स्थिति में शहर का व्यापारी दोहरी मार नहीं झेल पाएगा।

बैठक में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री सुरेश बंसल, गांधी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री गिरधारी लाल चावला, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री संदीप वैश्य, बर्तन व्यवसायी संघ से, श्री विनोद गिडवानी, श्री माधव अग्रवाल, सर्राफा बाजार से श्री दीपक जैन, सुभाष मार्केट एसोसिएशन से श्री गोपाल छावड़ा, अग्रसेन कॉम्पलेक्स से श्री गोपाल जायसवाल, हेमराज मार्केट से श्री रोशन गाबरा, नेहरू मार्केट से श्री श्याम रोहिरा सहित व्यवसायी सर्वश्री प्रदीप भवानी, ऋषि कपूर, अनिल नथानी, अनिल अरोरा, अमित जेसवाल, कपिल लुधियानी, गुलजारीलाल, गोविंद त्रिपाठी, रविन्द्र गोयल, राकेश कुमार, मयंक अग्रवाल, गोविंद शुक्ल, राजा, रामकुमार अग्रवाल, राजेन्द्र वर्मा, विपिन मित्तल, मकसूद आदि शामिल थे।

# टाउन हॉल की तरफ 7.50 मीटर का मार्ग आवागमन हेतु छोड़े जाने पर व्यवसाईयों के साथ चेम्बर भवन में बैठक आयोजित

## मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट हेतु समय लेने एवं चर्चा करने का बैठक में लिया गया निर्णय




महाराज बाड़ा क्षेत्र में टाउन हॉल की तरफ पैडस्ट्रियन जोन बनाए जाने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था व कारोबार प्रभावित होने के संबंध में दिनांक 23 जून,23 को 'चेम्बर भवन' में व्यापारिक संगठनों की बैठक में संघर्ष समिति महाराज बाड़ा क्षेत्र का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया था।

बैठक में उपस्थित संघर्ष समिति के सदस्य व व्यापारियों ने एकमत से कहा कि पैदल यात्री जोन से नई सड़क, हनुमान चौराहा, जनकगंज, छत्री बाजार, मोर बाजार, चावड़ी बाजार, खासगी बाजार, समाधिया कॉलोनी की ओर से आने वाले वाहन माधौगंज की तरफ या महाराज बाड़ा पर कोई कार्य होता है तो आते हैं। जो महाराज बाड़ा पर आने वाले कुल वाहनों का लगभग 70% है । इन वाहनों को प्रस्तावित लेआउट के मुताबिक महाराज बाड़ा आने के लिए सराफा बाजार, राम मंदिर, पाटनकर बाजार और दौलतगंज होते हुए बाड़े पर आना पड़ेगा, जिससे अनावश्यक लगभग 2 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा और इन मार्गों पर वैसे ही ट्रैफिक जाम रहता है । यदि इस मार्ग पर उक्त 70% ट्रैफिक डायवर्ट किया जाता है, तो यह क्षेत्र पूरी तरह से जाम बना रहेगा तथा किसी भी ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत इसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता है ।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि महाराज बाड़ा क्षेत्र की इस समस्या से अवगत कराने तथा टाउन हॉल की तरफ 7.50 मीटर मार्ग छोड़े जाने की मांग को लेकर चेम्बर का प्रतिनिधिमण्डल प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी मिलेगा तथा इस हेतु समय मांगा जाएगा ।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहाकि आज बाड़ा क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों के व्यवसाई एवं उनके प्रतिनिधि यहाँ पर आज की बैठक में जो भी निर्णय लेंगे, चेम्बर द्वारा उसका पूरा समर्थन किया जाएगा ।

बैठक के अंत में संघर्ष समिति के सदस्य एवं व्यापारियों ने एकमत से निर्णय लिया कि टाउन हॉल की तरफ 7.50 मीटर रोड छोड़ी जाए । इस मांग को लेकर महाराज बाड़ा एवं इससे जुड़े क्षेत्र जिनमें माधवगंज, टोपी बाजार, रस्सी बाजार, पिछाड़ी ड्योढी, दर्जी ओली, चिटनिस की गोठ, बालाबाई का बाजार, दही मण्डी, दौलतगंज, गांधी मार्केट, हेमराज मार्केट, गर्ग मार्केट, के. के. मार्केट, मोर बाजार, चावड़ी बाजार, खासगी बाजार, सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट, नेहरू मार्केट, सर्राफा बाजार, डीडवाना ओली की दुकानें 24 जून को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने का निर्णय लिया गया । साथ ही, यदि मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मिलने का समय नहीं मिलता है, तब 24 जून को सुभाष मार्केट के बाहर कल 12 बजे व्यापारी धरना देंगे । व्यापारियों का संघर्ष समस्या के निराकरण होने तक जारी रहेगा ।

बैठक में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल, टोपी बाजार व्यवसायी संघ से श्री मोहन माहेश्वरी, गांधी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री गिरधारी लाल चावला, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री संदीप वैश्य, बर्तन व्यवसायी संघ से–श्री विनोद गिडवानी, सर्राफा बाजार से श्री दीपक जैन, सुभाष मार्केट एसोसिएशन से श्री गोपाल छावड़ा, अग्रसेन कॉम्पलेक्स से श्री गोपाल जायसवाल, हेमराज मार्केट–श्री गर्ग मार्केट से श्री रोशन गाबरा, नेहरू मार्केट से श्री श्याम रोहिरा, चेला जी का अखाड़ा से श्री जगदीश गंगवानी, दही मण्डी से श्री हरिओम सिंघल सहित व्यवसायी सर्वश्री अखिलेश गोयल, ऋषि कपूर, इलियास, कपिल लुधियानी, राजेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र, वैभव अग्रवाल, शिवम गुप्ता, तुलसी, रामगोविंद त्रिपाठी, रामकुमार गोयल, जी.आर. चावला, राजा वाधवानी, राकेश कुमार, अंकित जैन, प्रकाश अमलानी, अनूप खण्डेवाल, संजय मेहता, प्रियांक जैन, महेश आर्य, बन्टू गुप्ता, चंदन अग्रवाल, विनोद जैन, सुनील अग्रवाल, रोहित इंटरप्राइजेज, महेन्द्र कुमार बंसल, विपिन मित्तल आदि उपस्थित थे ।

# ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से मिले ठोस आश्वासन के पश्चात् महाराज बाड़ा एवं इससे जुड़े क्षेत्र में 24 जून का बंद स्थगित किए जाने का लिया निर्णय

## केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से 24 जून को भेंट हेतु संघर्ष समिति को मिला समय




संघर्ष समिति महाराज बाड़ा क्षेत्र द्वारा दिनांक 24 जून,23 को महाराज बाड़ा एवं इससे जुड़े क्षेत्रों को बंद किए जाने के निर्णय को ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह जी तोमर से मिले ठोस आश्वासन पर स्थगित किया गया। साथ ही, संघर्ष समिति को दिनांक 24 जून को रात्रि 8.30 बजे केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से भेंट हेतु समय मिल जाने की सूचना भी बैठक में उपस्थित व्यवसाईयों को दी गई।

ज्ञात रहे, इससे पूर्व दिनांक 23 जून को दिन के समय में हुई बैठक में संघर्ष समिति द्वारा महाराज बाड़ा क्षेत्र में टाउन हॉल की तरफ पैडस्ट्रियन जोन बनाए जाने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था व कारोबार प्रभावित होने के संबंध में 'चेम्बर भवन' में व्यापारिक संगठनों की बैठक में संघर्ष समिति महाराज बाड़ा क्षेत्र का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया था।

दोपहर के समय हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन में चेम्बर द्वारा की जा रही चर्चा के दौरान ही ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारे। इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारियों द्वारा महाराज बाड़ा क्षेत्र में बनाए जा रहे पैडस्ट्रियन जोन से आने वाली समस्याओं एवं व्यापार प्रभावित होने से अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने कहा कि 7.50 मीटर की रोड छोड़े जाने का कोई मुद्दा नहीं है। आपकी मंशानुसार महाराज बाड़ा में कार्य होगा। आपने पदाधिकारियों के सामने ही केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से बात कर, व्यापारियों की बात उनके समक्ष रखी। इस पर केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा 24 जून को रात्रि 8.30 बजे का समय संघर्ष समिति को भेंट हेतु दिया गया।

ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह जी तोमर द्वारा संघर्ष समिति को बुलाकर बैठक करने की बात कही। इस पर तत्काल संघर्ष समिति की बैठक आहूत की गई। संघर्ष समिति की बैठक में ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री तोमर ने कहा कि बाड़ा क्षेत्र आपका है और आपकी मंशा के अनुरूप ही वहाँ कार्य होगा। व्यापारियों को परेशान कर, कोई विकास नहीं किया जाएगा। आपने कहा कि 7.50 मीटर की रोड टाउन हॉल की ओर छोड़ा जाना कोई मुद्दा ही नहीं है।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने खुलकर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह जी तोमर के समक्ष अपनी बात को रखा।

ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के ठोस आश्वासन पर संघर्ष समिति के सदस्यों ने एक राय होकर निर्णय लिया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में यदि हमारी समस्या का समाधान होता है, तो हम अपना आंदोलन वापिस ले लेंगे। संघर्ष समिति द्वारा दिनांक 24 जून की रात्रि 8.30 बजे केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मुलाकात होने तक अपना आंदोलन स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया। केन्द्रीय मंत्री, माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से मुलाकात के बाद पुन: संघर्ष समिति की बैठक बुलाकर आंदोलन पर निर्णय लिया जाएगा।

# 'पड़ाव चेम्बर' के प्रयासों को मिली सफलता
# निगमायुक्त, श्री हर्ष सिंह ने निगम टीम के साथ महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र का किया निरीक्षण



चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे 'पड़ाव चेम्बर' के प्रयासों को सफलता मिली है। चेम्बर द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के चलते, आयुक्त, नगर–निगम–श्री हर्ष सिंह ने दिनांक 01 जून,23 को अपनी पूरी टीम के साथ महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया पहुँच कर चेम्बर के पदाधिकारियों एवं महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, उपायुक्त, नगर–निगम, श्री ए.पी.एस. भदौरिया, कार्यपालन यंत्री पीएचई–श्री राजेन्द्र भदौरिया, अधीक्षण यंत्री–श्री कीर्ति वर्धन मिश्रा, जेडओ–श्री उप्पल भदौरिया, श्री राजेश शर्मा सहित महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष–श्री संजय कपूर, सचिव–श्री सुशील सुराना, संयुक्त सचिव–श्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–श्री संजीव मल्होत्रा, उद्यमी–सर्वश्री प्रकाश रोहिरा, निर्मल सिंह चौहान, कपिल जयसिंघानी, अमरजीत गुरेजा, जय संचेती, विरमानीजी, रामसेवक राठौर, हरीश नागपाल, राकेश मल्होत्रा, दुर्गाशंकर नागपाल, भिरयानी जी आदि शामिल रहे।

निगमायुक्त द्वारा इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्रों की नगर–निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए एक कमेटी भी गठित की गई है। ज्ञात रहे दिनांक 25 मार्च,23 को महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया में 'पड़ाव चेम्बर' कार्यक्रम किया गया था, जिसमें क्षेत्र में पेयजल की समस्या सहित ड्रेनेज व सफाई की समस्या, नालियों का मिलान न होने की समस्या, कचरा उठाने हेतु गाड़ी नहीं आने की समस्या, रोड ऊंची होने से फैक्ट्रियों में पानी भर जाने की समस्या आदि को प्रमुखता के साथ उठाया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप आयुक्त, नगर–निगम–श्री हर्ष सिंह द्वारा पानी, सफाई, ड्रेनेज की समस्याओं को लेकर अपने अधीनस्थों व उद्यमियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं को चिन्हित कर, निगम अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जून, 2023 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, बाराघाटा इण्डस्ट्रियल एरिया में सड़क का निर्माण किए जाने की माँग की गई।
- माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी, केन्द्रीय गृह मंत्री–माननीय श्री अमित शाह, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, सायबर ठगी (क्राइम) पर प्रभावी रोक हेतु आवश्यक कार्यवाही करने सहित ही आवश्यकता होने पर कानून में परिवर्तन किए जाने की माँग की गई।
- माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री राजकुमार सिंह एवं मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को सोलर सिस्टम लगाने पर सब्सिडी दिए जाने की माँग की गई।
- एमएसएमई मंत्री–माननीय श्री ओमप्रकाश सकलेचा को पत्र प्रेषित कर, प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास पर सुझाव प्रेषित किए गए।
- मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, महाराज बाड़ा क्षेत्र में टाउन हॉल की तरफ पैदल यात्री जोन बनाए जाने से यातायात एवं व्यापार के प्रभावित होने की समस्या से अवगत कराते हुए कम से कम 6 से 8 मीटर का मार्ग इस स्थान पर उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।
- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. को पत्र प्रेषित कर, महाराज बाड़ा क्षेत्र पर स्मार्ट सिटी की भविष्य की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने की माँग की गई।
- आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, रोशनी घर मार्ग पर डामरीकरण कराए जाने की माँग की गई।
- आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' के सामने मुख्य मार्ग पर लगने वाली सब्जी मण्डी को हटाए जाने की माँग की गई।
- मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, चेम्बर में आयोजित उद्यमिता अवार्ड समारोह में पधारने का अनुरोध किया गया।
- श्रीमान् डायरेक्टर जनरल आयकर (इनवेस्टीगेशन), म. प्र. एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, आयकर विभाग, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, केन्द्रीय अंचल कार्यालय को स्थाई रूप से भोपाल से ग्वालियर स्थानान्तरित किए जाने की माँग की गई।
- मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्यिक कर मंत्री, म. प्र. शासन–माननीय श्री जगदीश देवड़ा सहित महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, वाणिज्यिक कर विभाग–श्री एम. सेलवेंद्रन को पत्र प्रेषित कर, बिल्डर एवं डेवलपर को स्टॉम्प ड्यूटी में छूट दिए जाने की माँग की गई।
- केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपकर, महाराज बाड़ा क्षेत्र में टाउन हॉल की तरफ पैदल यात्री जोन बनाए जाने से यातायात एवं व्यापार प्रभावित होने की समस्या से अवगत कराते हुए, टाउन हॉल की तरफ 7.50 मीटर सड़क छोड़े जाने की माँग की गई।
- मुख्यमंत्री, म. प्र. शासन, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर, गारबेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण किए जाने की माँग की गई।
- महाप्रबंधक, म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. (शहर वृत्त) को पत्र प्रेषित कर, लक्ष्मण तलैया पर बिजली के तार खुले होने के कारण आए दिन बंदरों की मौत को ध्यान में रखते हुए, विद्युत तारों को कबर किए जाने की माँग की गई।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दिनांक 30 जून, 23 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

- वरिष्ठ लिपिक, श्री राजेन्द्र सक्सेना जी की सेवा निवृत्ति पर देय ग्रेच्युटी का चैक सौंपकर एवं शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान के साथ विदाई दी गई।
- सदस्य फर्म मेसर्स अर्पित ऑन लाईन सिक्योरिटीज का नाम मेसर्स अर्पित ऑन लाईन सर्विसेज किए जाने के संबंध में प्राप्त पत्र पर विचार कर, तद्नुसार किए जाने का निर्णय लिया गया।
- सदस्य फर्म मेसर्स एक्मे फै ब्रिक प्लास्ट कं. का नाम मेसर्स एक्मे युनीवर्सल सेफजोन 9 प्रा. लि. किए जाने के संबंध में प्राप्त पत्र पर विचार तद्नुसार किए जाने का निर्णय लिया गया।
- सौर ऊर्जा आयोजन एवं महिला उद्यमिता सम्मेलन पर आगामी कार्यवाही की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया।
- ए–अर्थवार्ता के तीन माह पूरे होने पर अभी तक के उसके अनुभव के आधार पर उसे ए–अर्थवार्ता अथवा प्रिंट अर्थवार्ता किए जाने पर विचार कर, अर्थवार्ता को प्रतिमाह ईअर्थवार्ता एवं त्रैमासिक अर्थवार्ता प्रिन्ट किए जाने का निर्णय लिया गया।

# ग्वालियर से संचालित होने वाली हवाई सेवाएँ

## SUMMER FLIGHT SCHEDULE
## W.E.F.(25.06.2023 TO 10.07.2023)

e अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

| DAY | S.No. | Operator Name | Flight No. | Type of Aircraft | Origin | S.T.A. | Flight No. | Destination | S.T.D. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | Indigo Airlines | 6E-5047 | A32N | BOM-GWL | 14:40 | 6E-5059 | GWL-BOM | 15:10 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| | 6 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |
| TUESDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-429 | BOEING | BOM-GWL | 9:50 | SG-537 | GWL-BLR | 10:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | Ailliance Air | 9I 621 | ATR42 | IDR-GWL | 15:40 | 9I 622 | GWL-IDR | 16:05 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-536 | BOEING | BLR-GWL | 15:55 | SG-430 | GWL-BOM | 16:30 |
| | 6 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |
| WEDNESDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2963 | GWL-CCU | 12:55 |
| | 4 | Indigo Airlines | 6E-5047 | A32N | BOM-GWL | 14:40 | 6E-5059 | GWL-BOM | 15:10 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| THURSDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |
| FRIDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | Indigo Airlines | 6E-5047 | A32N | BOM-GWL | 14:40 | 6E-5059 | GWL-BOM | 15:10 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| | 6 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |
| SATURDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | Indigo Airlines | 6E-5047 | A32N | BOM-GWL | 14:40 | 6E-5059 | GWL-BOM | 15:10 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| | 6 | Ailliance Air | 9I 621 | ATR42 | IDR-GWL | 15:40 | 9I 622 | GWL-IDR | 16:05 |
| | 7 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |
| SUNDAY | 1 | SpiceJet Ltd. | SG-2927 | Q400 | BLR-GWL | 9:10 | SG-2959 | GWL-HYD | 9:30 |
| | 2 | Indigo Airlines | 6E-2028 | A32N | DEL-GWL | 11:30 | 6E-2118 | GWL-DEL | 12:00 |
| | 3 | SpiceJet Ltd. | SG-2962 | Q400 | CCU-GWL | 12:35 | SG-2976 | GWL-IXJ | 12:55 |
| | 4 | SpiceJet Ltd. | SG-2956 | Q400 | HYD-GWL | 15:05 | SG-2928 | GWL-BLR | 15:30 |
| | 5 | SpiceJet Ltd. | SG-369 | BOEING | BOM-GWL | 16:00 | SG-370 | GWL-BOM | 16:30 |
| | 6 | SpiceJet Ltd. | SG-2977 | Q400 | IXJ-GWL | 17:20 | SG-2963 | GWL-CCU | 17:40 |

**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917